Regarding need for rehablilitation of families affected by floods and preventing meausres to deal with soil erosion

श्री तारिक अनवर (कटिहार) **:** सभापति महोदया**,** मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र कटिहार की ओर ले जाना चाहता हूं । वैसे तो पूरे सीमांचल क्षेत्र में नदियों का जाल बिछा हुआ है । वहां पर फ्लड एवं कटाव का हमेशा प्रकोप बना रहता है । मेरे क्षेत्र खासतौर पर कुर्सेला**,** बरारी और अहमदाबाद जैसे क्षेत्रों के कई गांव लगातार कटाव से प्रभावित हो रहे हैं और लुप्त होते जा रहे हैं । यह अफसोस की बात है कि हमारा क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है। वहां कोई दूसरा उद्योग नहीं है**,** वे कृषि पर ही निर्भर हैं। ऐसी हालत में लगातार इस तरह से कटाव और लुप्त होने का सिलसिला चल रहा है, इससे धीरे-धीरे जमीन समाप्त होती जा रही है और हमारे किसान**,** हमारे मजदूर आज एक तरह से मजबूर हो रहे हैं । इसलिए मैं सरकार से यही चाहता हूं कि खासतौर पर जो गांव लुप्त हो गए हैं**,** उनके पुर्नवास की व्यवस्था की जाए ।